## एक नजर में

### भ्रम फैला रही काकरोच जनता पार्टी : राजेंद्र शुक्ला

**सीधी** : उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला शुक्रवार को भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण समापन समारोह में पहुंचे। इस दौरान उनसे काकरोच जनता पार्टी को लेकर मीडिया ने सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि माननीय मुख्य न्यायाधीश ने बहुत ही सादगी से स्पष्टीकरण दिया है। काकरोच जनता पार्टी देश में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। युवाओं को समझदारी से काम लेना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा विकसित भारत के भविष्य हैं। उन्हें भारत के भविष्य की ओर देखना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विजन में साथ निभाना होगा। वर्तमान में ईंधन को लेकर देश संकट में है और हम बचत को लेकर कदम बढ़ा चुके हैं।-नप्र

### घड़ियाल की पूंछ पकड़ते युवक का वीडियो बहुप्रसारित

**सीधी** : सोन घड़ियाल अभयारण्य क्षेत्र के जोगदहा घाट अंतर्गत ओदरइला में युवक घड़ियाल का पूंछ पकड़ते दिख रहे हैं। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से बहुप्रसारित हो रहा है। जोगदहा घाट में करीब 50 घड़ियाल हैं जिनमें नर, मादा और 12 बच्चे हैं। छह युवक सोन घड़ियाल अभयारण्य के आरक्षित सोन नदी में नहाने गए थे। करीब ढाई फीट का नर घड़ियाल नदी के किनारे चट्टान पर बैठा था। एक युवक बार-बार घड़ियाल की पूछ पकड़ रहा था।-नप्र

# दस दिन पहले ब्याहकर आई बहू की जेठ ने कुल्हाड़ी मारकर कर दी हत्या

**अपराध** ● सिवनी के घंसौर की घटना, पुलिस ने आरोपित को जंगल से पकड़ा

- अविवाहित जेठ पर जलन के कारण हत्या करने का आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सिवनी** : आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र घंसौर विकासखंड के खजरी गांव में शुक्रवार को जेठ ने बहू की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। आरोपित अविवाहित था और जलन के कारण घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। घंसौर पुलिस ने आरोपित अब्बू मरकाम को गांव के जंगल से कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि जबलपुर के बरगी थाना देवरी गांव निवासी सरिता मरकाम (23) का विवाह 10 दिन पहले घंसौर के खजरी गांव के निवासी बबलू मरकाम के साथ हुआ था। बड़े भाई अब्बू मरकाम (35) ने अपनी शादी नहीं होने के कारण दो दिन पहले पिता लच्छी मरकाम से मारपीट और विवाद किया था। इसके बाद वह घर छोड़कर चला गया। शुक्रवार सुबह आरोपित अब्बू कुल्हाड़ी लेकर घर पहुंचा। घर में पिता, भांजी और बहू थी। अब्बू के विवाद करने पर पिता

अस्पताल में स्वजन का बयान दर्ज करते पुलिस अधिकारी। ● सौ इंटरनेट मीडिया

छोटे बेटे को बुलाने चला गया। इसी बीच अब्बू ने बहू से पैर छूने को कहा। इन्कार करने पर उसने विवाद शुरू कर दिया। भांजी ने हंसिया उठाकर डराने का प्रयास तो आरोपित ने छीनकर भगा दिया। गुस्से में आरोपित अब्बू ने बहू सरिता के गले पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया है। आरोपित से पूछताछ कर रही है।

**भांजी भी डरकर भागी** : पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि घटना के समय सरिता का पति गांव में मोबाइल चार्ज करने गया था। अब्बू के कुल्हाड़ी लेकर घर पहुंचने पर पिता भागकर अपने छोटे बेटे को बुलाने चला गया। दोनों घर पहुंच पाते उससे पहले ही आरोपित ने बहू की हत्या कर दी। इस दौरान भांजी भी डरकर घर से भाग गई।

## फांसी पर झूलता मिला नवविवाहिता का शव

**शहडोल** : सिंहपुर थाना क्षेत्र के उधिया गांव में एक नवविवाहिता का फांसी के फंदे पर झूलता शव मिला है। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि उसने आत्महत्या नहीं की अपितु उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। उन्होंने मृतका के ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

पचगांव निवासी शुभि यादव (22) का विवाह सात अप्रैल 2025 को सिंहपुर थाना क्षेत्र के उधिया निवासी धर्मेंद्र यादव के साथ हुआ था। गुरुवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुभी का शव उसकी ससुराल में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। शुभि के पति धर्मेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि घटना के समय घर के अन्य सदस्य काम पर गए थे। शुभी ने उससे पेट दर्द की शिकायत की थी और अस्पताल ले जाने

शुभि यादव का जीवित अवस्था का चित्र।

को कहा था। जिसपर उसने खेत से लौटने के बाद ले जाने की बात कही और खेत की ओर चला गया। जब वह वापस लौटा तो पत्नी फांसी पर लटकी मिली। उसने फंदा काटकर शुभि को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शुक्रवार को शुभि का पोस्टमार्टम किया गया। मृतका के चाचा रामप्रताप यादव ने आरोप लगाए कि शुभि की शादी के कुछ महीने बाद से ही ससुराल वाले बुलेट की मांग करने लगे थे। मांग पूरी न होने पर शुभि को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। धमकी भी दी थी कि 'अगर जल्द बुलेट नहीं मिली तो बड़ी घटना हो जाएगी।

## चौकी में श्रमिक से मारपीट पर एएसआइ व आरक्षक निलंबित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, कटनी** : कोतवाली थाना क्षेत्र की बस स्टैंड चौकी में पदस्थ एएसआइ व आरक्षक को पुलिस अधीक्षक ने देर शाम निलंबित करते हुए लाइन भेज दिया। शुक्रवार को श्रमिक अविनाश प्रजापति निवासी हिरवारा कौड़िया ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा को शिकायत दी थी कि एएसआइ बाल गोविंद प्रजापति और आरक्षक अनमोल कुमार ने बिना कारण उसे चौकी में बैठाए रखा। दोनों ने उसके साथ मारपीट की। मामले में प्रारंभिक जांच में अनुचित आचरण प्रदर्शित होने पर निलंबित कर रक्षित केन्द्र कटनी संबद्ध किया है।

## सीधी के जिला अस्पताल से सोनोग्राफी मशीन चोरी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी** : जिला अस्पताल से सोनोग्राफी मशीन चोरी का मामला सामने आया है। सिविल सर्जन डा. एसबी खरे ने बताया कि जिला अस्पताल के कक्ष 12 में सोनोग्राफी मशीन लगी थी। सेवानिवृत शिशु रोग विशेषज्ञ डा. देवेंद्र सिंह लेकर चले गए। वहीं डा. देवेंद्र सिंह ने दावा किया कि सोनोग्राफी मशीन के साथ वहां रखी अन्य मशीनें मैंने खुद के पैसे से खरीदी थीं। पुलिस ने दोनों पक्षों से बिल व कागजात मंगाए हैं।

# संघ प्रमुख ने किया स्वयंसेवकों की जिज्ञासा का समाधान

## देर रात शहडोल से रवाना हो गए सरसंघचालक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल** : जिला मुख्यालय के पांडव नगर स्थित सरस्वती स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग में शुक्रवार को भी संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। प्रवास के अंतिम दिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने विशेष सत्र में प्रशिक्षण लेने आए स्वयंसेवकों की जिज्ञासा का समाधान किया। सत्र में स्वयंसेवकों ने अपने मन में आए कई तरह के प्रश्नों को रखा, जिसका संघ प्रमुख ने समाधान किया। संघ प्रमुख देर रात शहडोल से रवाना हो गए।

संघ प्रमुख ने वर्ग संचालन टोली के साथ भी बैठक की और सभी के परिवारों के सुख-दुख के बारे में बातचीत की। इस दौरान संघ प्रमुख ने कहा कि इस वर्ग से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कम खर्च में बड़े आयोजनों को किस तरह से व्यवस्थित करना है, यह कार्यकर्ता यहां से सीखकर जाता है। उन्होंने कहा कि किसी को अगर संघ को जानना है तो उसे संघ की शाखा में आना होगा। अपने प्रवास के दौरान संघ प्रमुख क्षेत्रीय शारीरिक प्रशिक्षण प्रमुख गंगाराजू पांडे के आवास पर भी गए और कुछ समय परिवार के लोगों के बीच बिताया। डा. भागवत रात करीब 11.30 बजे शहडोल रेलवे स्टेशन से सारनाथ एक्सप्रेस से रायपुर की ओर रवाना हो गए हैं।



मोहन भागवत। ● फाइल

### सात जून को होगा समापन

कार्यकर्ता विकास वर्ग सामान्य प्रथम वर्ष 18 मई से चल रहा है, जिसका समापन सात जून को होगा। संघ प्रमुख इसी वर्ग में शामिल होने आए थे। इस दौरान पूरा पांडवनगर क्षेत्र सुरक्षा के घेरे में रहा। करीब 250 पुलिस जवान और स्पेशल फोर्स भी तैनात रही। जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा होने के कारण वर्ग परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया गया।

# सरकारी नौकरी में रहते बनीं 'लाड़ली बहना', 27 कर्मचारियों से होगी वसूली

## शासन को लगाया साढ़े पांच लाख का चूना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सतना** : मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 27 ऐसी महिलाएं चिह्नित की गई हैं, जो शासकीय सेवा में होने के बावजूद लगातार योजना का लाभ उठा रही थीं। एक ओर इन महिलाओं का वेतन हर महीने ट्रेजरी से जारी हो रहा था, दूसरी ओर वे खुद को ''लाड़ली बहना'' बताकर शासन से प्रतिमाह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता भी ले रही थीं। ट्रेजरी से जारी वेतन भुगतान और समग्र आइडी के डाटा का मिलान करने पर यह गड़बड़ी सामने आई है। जांच में पता चला कि कई हितग्राही नियमित शासकीय कर्मचारी हैं। जिला प्रशासन ने संबंधित नगरीय निकायों और विभागों से इन महिलाओं के आधार कार्ड, समग्र आइडी, बैंक खाते की जानकारी और अन्य दस्तावेज तलब किए हैं।

इन महिलाओं के खातों में अब तक पांच लाख 5 हजार 450 रुपये की राशि पहुंच चुकी है। अब संबंधित महिला कर्मचारियों से राशि वसूलने की तैयारी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि लाड़ली बहना योजना के नियमों के अनुसार वही महिलाएं पात्र हैं, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम हो, परिवार में कोई आयकरदाता न हो और महिला आर्थिक रूप से जरूरतमंद श्रेणी में आती हो।


**अटल बिहारी वाजपेयी - भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर**
(राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
मुरैना लिंक रोड, ग्वालियर- 474015, मध्य प्रदेश
वेबसाइटः www.iiitm.ac.in

विज्ञापन संख्याः 213 दिनांकः 20.05.2026

**फुल-टाइम/पार्ट-टाईम पीएचडी प्रवेश के लिए विज्ञापनः जुलाई 2026**
(Non-GATE/Non-NET Applicants are also eligible)

अभियांत्रिकी /प्रौद्योगिकी (CSE/EEE/IT), में पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 19 जून 2026 सायं 5 बजे तक है। अधिक जानकारी और आवेदन के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइटः https://www.iiitm.ac.in पर जाएं। प्रवेश से जुड़े प्रश्नों के लिए डायल करें- 0751-2449704 या phdadmission@iiitm.ac.in पर ईमेल करें।

**रजिस्ट्रार**



**कार्यालय नगर परिषद चुरहट जिला-सीधी (म.प्र.)**
**Office Of Nagar Prishad Churhat Distt-Sidhi (M.P.)**
Churhat- 486771, Tel.NO. 07802-272097
Email:- cmochourhat@mpurban.gov.in, Website: churhat.nagarparishad.org
9993206523

क्रमांक /1261/ न.प./2026 **आम सूचना** चुरहट, दिनांक 19/05/26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01 जनवरी 2026 की सन्दर्भ तारीख के अनुसार नगरीय निकाय की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के आदेशानुसार नगर परिषद चुरहट की फोटो युक्त मतदाता सूची तैयार किये जाने हेतु दावा आपत्ति केन्द्रों पर प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा दावे एवं आपत्तियां विहिन आवेदन पत्रों के प्ररूप परिवर्धन, विलोपन तथा संशोधन के माध्यम से दिनांक 15.05.2026 से 25.05.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद चुरहट जिला-सीधी (म.प्र.)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां. संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाओं का आमंत्रण केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से लमसम आधार पर किया जाता हैं।

| नि.स.क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनु. लागत रु. | प्रतिभूति राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | समया वधि | निविदा क्रय एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_482406_2 | Water Rejuvenation Project Including Ghat Redevelopment, Riverfront Development and Allied Infrastructure along the Kshipra River in Ujjain, | 642484755/- | 3212423/- | 50000/- | 15 माह | 11-06-2026 |

निविदा संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना की जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन दर्शाई गई हैं।

कार्यपालन यंत्री
लो.स्वा.यां. संधा.खण्ड न.पा.नि. उज्जैन

आयुक्त
नगर पालिक निगम उज्जैन



**कार्यालय नगर पालिका परिषद गोटेगांव, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Email : cmogotegaon@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 151/ई-टेण्डर/2026-27 गोटेगांव, दिनांक - 22.05.2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | निविदा सूचना आमंत्रण क्रमांक | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रथम आमंत्रण | 2026_UAD_510015_1 23.05.2026 | शासकीय रानी अवंतीबाई स्कूल गोटेगांव में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 04 माह 1695243.00 | 2000.00 12720.00 | 27.06.2026 |
| 2 | | 2026_UAD_510016_1 23.05.2026 | कामथ वार्ड में स्टेडियम के पास भवन निर्माण कार्य। | 04 माह 1694541.00 | 2000.00 12720.00 | 27.06.2026 |
| 3 | | 2026_UAD_510017_1 23.05.2026 | शंकराचार्य गार्डन के पास सौन्दर्यीकरण एवं अन्य निर्माण कार्य | 04 माह 1238143.00 | 2000.00 9300.00 | 27.06.2026 |
| 4 | | 2026_UAD_510018_1 23.05.2026 | कामथ वार्ड में स्टेडियम के पास अन्नू साहू के मकान के बाजू में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 04 माह 1025588.00 | 2000.00 7700.00 | 27.06.2026 |
| 5 | | 2026_UAD_510019_1 23.05.2026 | संस्कृत पाठशाला के पास दानागंज में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 04 माह 1025587.00 | 2000.00 7700.00 | 27.06.2026 |
| 6 | | 2026_UAD_510020_1 23.05.2026 | ठाकुर बाबा मंदिर में पेवर ब्लॉक लगाने सौंदर्यीकरण व अन्य कार्य। | 03 माह 850266.00 | 2000.00 8505.00 | 27.06.2026 |
| 7 | | 2026_UAD_510021_1 23.05.2026 | मुक्तिधाम में अस्ति विसर्जन भवन निर्माण एवं अन्य कार्य। | 03 माह 849646.00 | 2000.00 8500.00 | 27.06.2026 |
| 8 | | 2026_UAD_510022_1 23.05.2026 | सार्वजनिक कार्यक्रम हेतु टीन शेड एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 03 माह 847260.00 | 2000.00 8500.00 | 27.06.2026 |
| 9 | | 2026_UAD_510023_1 23.05.2026 | मुक्तिधाम के पास पोस्टमार्डम भवन निर्माण व अन्य कार्य। | 03 माह 84715.00 | 2000.00 8500.00 | 27.06.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http:www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

सभापति
लोक निर्माण शाखा
नगर पालिका परिषद, गोटेगांव

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गोटेगांव

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गोटेगांव



**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय, 1227, शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.)
Email - cs8243@pnb.bank.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय -16.06.2026 दोपहर12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 16.06.2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक**

**निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे**

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा : डिंडोरी (म.प्र.)** | | | |
| **1. (उधारकर्ता) आदर्श सर्व विद्या शिक्षा समिति (मध्य प्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 के तहत पंजीकृत) इसके पदाधिकारियों/सदस्यों के माध्यम से** पता: 156/1, ग्राम छिरहटी, पोस्ट-राजेंद्रनगर, तहसील - सोहागपुर, जिला शहडोल (म.प्र.))-484110 **2. (अध्यक्ष एवं जमानतदार) श्रीमती उपमा पांडे पति श्री शिव दयाल पांडे** पता: मकान नं. 156/1, ग्राम छिरहटी, राजेंद्रनगर कॉलोनी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म.प्र.)-484110 **3. (उपाध्यक्ष एवं जमानतदार) श्रीमती कमला पांडे पति श्री शंकर दयाल पांडे** पता: मकान नंबर 156/1, ग्राम छिरहटी, राजेंद्रनगर कॉलोनी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म.प्र.)-484110 **4. (सचिव एवं जमानतदार) श्रीमती रितिका बिलैया पति श्री अनुराग बिलैया** पता: मकान नंबर 71/2, वार्ड नंबर 04, बाजार चौक, डिंडोरी (म.प्र.) - 481880 **5. (कोषाध्यक्ष,जमानतदार एवं बंधककर्ता) श्री अनुराग बिलैया पिता श्री बद्री प्रसाद बिलैया** पता: मकान नंबर 71/2, वार्ड नंबर 04, बाजार चौक, डिंडोरी (म.प्र.) - 481880 **6. (संयुक्त सचिव एवं जमानतदार) श्रीमती मोनिका पांडे पिता श्री शंकर दयाल पांडे** पता: मकान नं. 156/1, ग्राम छिरहटी, राजेंद्र नगर कॉलोनी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म.प्र.)-484110 **7. (सदस्य एवं जमानतदार) कुमारी शिखा पांडे पिता श्री शिव दयाल पांडे** पता: मकान नंबर 156/1, ग्राम छिरहटी, राजेंद्रनगर कॉलोनी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म.प्र.)-484110 **8. (सदस्य एवं जमानतदार) श्री अंकित नीखरा पिता श्री विनोद नीखरा** पता: 164, ग्राम - पलोहा बड़ा, तहसील - गाडरवारा, कौडिया, जिला. - नरसिंगपुर (म.प्र.) - 487555 **9. (जमानतदार एवं बंधककर्ता) श्री शंकर दयाल पांडे पिता श्री त्रिवेणीधर पांडे** पता: मकान नंबर 156/1, ग्राम छिरहटी, राजेंद्रनगर कॉलोनी, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म.प्र.)-484110 **10. (जमानतदार एवं बंधककर्ता) श्री नरेंद्र तिवारी पिता श्री कृष्ण कुमार तिवारी** पता 1: 99/2, धनपुरी, वार्ड नंबर 1, तहसील - सोहागपुर, जिला - शहडोल, (म.प्र.)-484114 पता 2: वार्ड क्रमांक 1, हीरा कॉलोनी, बुद्धर, धनपुरी जिला. - शहडोल (म.प्र.)-484110 **11. (जमानतदार एवं बंधककर्ता) श्री शिव दयाल पाण्डेय पिता श्री त्रिवेणीधर पाण्डेय,** पता: मकान नं.156/1, ग्राम छिरहटी, राजेन्द्र नगर कॉलोनी, तहसील - सोहागपुर, जिला - शहडोल (म.प्र.) - 484110 **12. (जमानतदारऔर बंधककर्ता) श्री बद्री प्रसाद बिल्लैया पिता श्री सीताराम बिल्लैया,** पता: एच. नं. 71/2, वार्ड नं. 04, बाजार चौक, डिंडोरी (म.प्र.) - 481880 **DRT SA No. 770/2024** | **1.** अचल संपत्ति के समस्त भू भाग, अंश व निर्माण सहित जो मौजा - छिरहटी पर स्थित, पीसी नंबर 33, आरआई सर्कल खैराहा, तहसील - बुढ़ार, जिला - शहडोल (म.प्र.), खसरा नंबर 755 क्षेत्रफल 0.032 हेक्टेयर, खसरा नंबर 756 क्षेत्रफल 0.809 हेक्टेयर, खसरा नंबर 757 क्षेत्रफल 0.364 हेक्टेयर, खसरा नंबर 758 क्षेत्रफल 1.141 हेक्टेयर, खसरा नंबर 759 क्षेत्रफल 0.567 हेक्टेयर और खसरा नंबर 760 क्षेत्रफल 0.044 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल - 2.957 हेक्टेयर, दिनांक 10.09.2018 के डायवर्सन आदेश के तहत शैक्षिक उद्देश्य के लिए डायवर्ट किया गया और जो दिनांक 27.07.2018 के पंजीकृत उपहार विलेख के अनुसार निम्नानुसार है - **चतुर्सीमा : पूर्व** - रोड, **पश्चिम**- मानवती पति जीवन की भूमि, **उत्तर**- वन विभाग की भूमि, **दक्षिण**- वन विभाग की भूमि, **मालिक और बंधककर्ता** : आदर्श सर्व विद्या शिक्षा समिति जिसका प्रतिनिधित्व कोषाध्यक्ष श्री अनुराग बिलैया पिता श्री बद्री प्रसाद बिलैया, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB642100755** | | अ) 52,65,000.00 ब) 5,26,500.00 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| | **2.** व्यावसायिक परिवर्तित अचल संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश जो मौजा सुब्खर माल पर स्थित, पीसी नंबर 68, तहसील और जिला डिंडोरी (म.प्र.), खसरा नंबर 171/16, क्षेत्रफल 1.00 हेक्टेयर, पंजीकृत बंधक विलेख दिनांक 08.01.2020 के अनुसार और जो निम्नानुसार है - **चतुर्सीमा : पूर्व** - यादव जी का प्लॉट, **पश्चिम**- बद्री प्रसाद जी के प्लॉट से होकर जाने वाली रोड़, **उत्तर**- बी प्रसाद जी का प्लॉट, **दक्षिण**- बद्री प्रसाद जी का प्लॉट, **मालिक और बंधककर्ता** : श्री अनुराग बिलैया पिता श्री बद्री प्रसाद बिलैया, **और** व्यावसायिक परिवर्तित अचल संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश जो मौजा सुब्खर मल पर स्थित, पीसी नंबर 68, आरआई सर्कल - डिंडोरी, तहसील और जिला डिंडोरी (म.प्र.), खसरा नंबर 166/4 क्षेत्रफल 0.696 हेक्टेयर, पंजीकृत बंधक विलेख दिनांक 08.01.2020 के अनुसार निम्नानुसार है - **चतुर्सीमा : पूर्व** - अनुराग बिल्लैया का खुला प्लॉट, **पश्चिम**- बाईपास रोड, **उत्तर**- नंद कुमार का खुला प्लॉट, **दक्षिण**- बद्री प्रसाद जी का खुला प्लॉट, **मालिक और बंधककर्ता** : श्री बद्री प्रसाद बिल्लैया पिता श्री सीताराम बिल्लैया, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB642100171** | अ) 01.03.2024 ब) 31.05.2024 & 01.06.2024 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 7,86,08,739.32 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 2,91,23,100.00 ब) 29,12,310.00 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| | **3.** तीन मंजिला आवासीय मकान के समस्त भू भाग व अंश जो मौजा - धनपुरी पर स्थित, नगरपालिका - धनपुरी, जे.नं.474, पीएच नं.98, वार्ड नं. 01. आर.एन.एम.- बुरहार, तहसील - सोहागपुर, जिला - शहडोल (म.प्र.), खसरा नं. 135/3/ग/12, क्षेत्रफल 3580 वर्ग फुट, पंजीकृत बंधक विलेख दिनांक 08.01.2020 के अनुसार निम्नानुसार घिरा हुआ है, **चतुर्सीमा : पूर्व** -मार्ग/रोड, **पश्चिम**- श्रीमती कुसुम सोनी की भूमि, **उत्तर**- विवेक पांडे की भूमि, **दक्षिण**- सुनील गुप्ता की भूमि, **मालिक और बंधककर्ता** : श्री नरेंद्र तिवारी पिता श्री कृष्ण कुमार तिवारी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB642100135** | | अ) 76,84,875.00 ब) 7,68,487.50 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| | **4.** आवासीय मकान के समस्त भू भाग व अंश खसरा नंबर 600 क्षेत्रफल 0.142 हेक्टेयर, जिसमे से 0.040 हेक्टेयर आवासीय रूप से परिवर्तित जो मौजा छिरहटी पर स्थित, तहसील - बुरहार, जिला शहडोल (म.प्र.), पंजीकृत बंधक विलेख दिनांक 08.01.2020 के अनुसार निम्नानुसार है, **चतुर्सीमा : पूर्व** -शंकर दयाल पांडे की संपत्ति, **पश्चिम**-रोड, **उत्तर**- सुनील गुप्ता का मकान, **दक्षिण**- महेंद्र पांडे का मकान, **मालिक और बंधककर्ता** : श्री शंकर दयाल पांडे पिता श्री त्रिवेणीधर पांडे, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB642100600** | | अ) 98,37,450.00 ब) 9,83,745.00 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| | **5.** व्यावसायिक परिवर्तित अचल संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश खसरा नंबर 60/2 क्षेत्रफल 1.421 हेक्टेयर, जो मौजा छिरहटी पर स्थित, पीसी नंबर 33, आरआई सर्कल खैरहा, तहसील - बुरहार, जिला शहडोल (म.प्र.), पंजीकृत बंधक विलेख दिनांक 08.01.2020 के अनुसार निम्नानुसार है - **चतुर्सीमा : पूर्व** - लखन मिश्रा की भूमि, **पश्चिम**- खिरहा माइंस रोड, **उत्तर**- महेंद्र पांडे की जमीन, **दक्षिण**- रामदेश बर्मन की जमीन, **मालिक और बंधककर्ता** :श्री शंकर दयाल पांडे पिता श्री त्रिवेणीधर पांडे और श्री शिव दयाल पांडे पिता श्री त्रिवेणीधर पांडे, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB64210060** | | अ) 70,20,634.50 ब) 7,02,063.45 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| **2. शाखा: मरहाताल, जबलपुर(म.प्र.)** | | | |
| **1. (उधारकर्ता) मेसर्स प्रेमचंद ग्रेडर्स एग्रो उद्योग, प्रोपराईटर श्री दिलीप कुमार शुगानी,** **पता:** मेन रोड, एनएच-7, 193, कंदराखेड़ा, पनागर, कटनी रोड, जिला-जबलपुर (म.प्र.) **2. (उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी** **पता:** 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) **3. श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी (बंधक जमानतदार) (मृतक के बाद से) कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से कविता शुगानी पति श्री सतीश कुमार शुगानी** **पता:** 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) **भरत शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी** **पता:** 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) **खुशबू शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी** **पता:** 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) **खाता संख्या: 51624015000341** | 1. खसरा नं. 185 का प्लॉट नं. 172 मौजा कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 21 आरआई, महाराजपुर कटनी रोड, जिला- जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट, **संपत्ति मालिक और बंधककर्ता** - श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000010** | | अ) 48,87,000.00 ब) 4,88,700.00 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| | 2. संपत्ति धारक जिसका प्लॉट नं. 131, खसरा नं. 185, मौजा कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 21, आरआई - महाराजपुर कटनी रोड, जिला- जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट, **संपत्ति मालिक और बंधककर्ता** - श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000011** | | अ) 43,20,000.00 ब) 4,32,000.00 स) 16.06.2026 द) 10,000.00 |
| | 3. संपत्ति धारक जिसका प्लॉट नं. 149, खसरा नं. 185(पुराना), 316(नया), मौजा - कंदराखेड़ा, एनब